Integral PR
(Information Resource Centre)

Publication : **Jansatta**

Edition : **Kolkata**

Date : **26-June-08** **Page no.** : **2**

सीबीएम यूनिट में देशव्यापी हड़ताल 29 जून से

कोलकाता, 25 जून (जनसत्ता)। अपनी मांगों के समर्थन में ईआईसीएमए ने 29 जून से एक जुलाई तक देश व्यापी हड़ताल की घोषणा की है। यह जानकारी ईस्टर्न इंडिया कोरुगेटेड बाक्स मैन्यूफैक्चर्रस एसोसिएशन के अध्यक्ष हमेंत सरावगी और उपाध्यक्ष मिलन दे ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। कोरुगेटेड बाक्स(पैकिंग) उद्योग संकट के दौर से गुजर रहा है। बताया गया कि पेपर की कीमतों में इतनी बढ़ोतरी हुई है कि इस उद्योग को जिंदा बचे रहने पर खतरा पैदा हो गया है।

बीते कुछ वर्षो में कोरुगेटेड बाक्स के निर्माण में लगने वाली सामग्री की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसकी वजह से नियमित उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। इस साल मार्च महीने से पेपर और बोर्ड की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। करीब 25 से 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। सभी खर्चो को जोड़ा जाए तो 60 से 70 फीसदी की वृद्धि हुई है।

हालांकि इससे संबंधित मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के संबंधित विभाग को ज्ञापन भी दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बाध्य होकर इस स्थिति को अवगत कराने लिए कोरुगेटेड बाक्स निर्माता देशव्यापी हड़ताल करने पर मजबूर हुए हैं। अभी भी कोरुगेटेड बाक्स पर 14 फीसदी की एक्साइज ड्यूटी देनी पड़ती है।